हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025




# राज्य सरकार ने निकायों पर कसा शिकंजा, हर दो माह में कराएं सामान्य सभा

**जिले के सभी निकायों में भी अब तय समय पर सामान्य सभा आयोजन के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों में चुने हुए जनप्रतिनिधियों, मेयर, अध्यक्ष, सभापति वगैरह अपने निकायों में ही लोकतांत्रिक व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे हैं। दरअसल निकायों के लिए नियम है कि इन्हें हर दो महीने में एक बार सामान्य सभा की बैठक करवानी है, लेकिन सरकार को खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा होता है कि आखिर क्यों निकायों के चुने हुए पदाधिकारी सामान्य सभा करवाने से बच रहे हैं।

### यह है मामला

सामान्य सभा की बैठकें नियम से न कराने का मसला दरअसल इसलिए सामने आया है, क्योंकि राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने खुद इस बात को पकड़ा है कि सामान्य सभा कराने के मामले में नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में अब संचालक ने सभी आयुक्तों, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिया है कि समयावधि के भीतर सामान्य सभा की बैठक करवाना सुनिश्चित करें।




### क्यों नहीं करते सवालों का सामना

राज्य के नगरीय निकायों में सामान्य सभा के दौरान पक्ष-विपक्ष के पार्षद अपनी बातें, समस्याएं और क्षेत्र से जुड़ी शिकायतें रखते हैं। अब निकायों में विधानसभा की तरह लिखित में सवाल लेने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। सामान्य सभा में सवाल उठाने से मामले, विषय सामने आते हैं, निगम के चुने हुए प्रतिनिधियों को जवाब देना होता है, आश्वासन देना होता और समस्याओं की सुनवाई करनी होती है। यह इनका जिम्मा भी है, लेकिन देखने में आ रहा है कि चुने हुए प्रतिनिधि ही जनसमस्याओं को दरकिनार कर सामान्य सभा से बचने की कोशिश करते हैं।

इस मामले को लेकर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के संचालक ने राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत के लिए पत्र जारी किया है। संचालक ने कहा है कि छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम में यह स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि कामकाज के लिए प्रत्येक दो माह में कम से कम एक बार निगम, परिषद, सम्मिलन (सामान्य सभा) करेगी, लेकिन देखने में यह आ रहा है कि अधिकांश निकाय इस प्रावधान का पालन नहीं कर रहे हैं। निर्धारित समयावधि में सामान्य सभा नहीं होने से अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय के अभाव में योजनाओं का क्रियान्वयन करने में अनावश्यक विलंब होता है।

---

**बार्डर, निरंतर रकबा वृद्धि सहित अनियमितता वाली समितियों को किया शामिल**

# जिले के 49 खरीदी केंद्र संवेदनशील, इनमें अनुविभागीय स्तर के अफसरों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 15 नवंबर से शुरू होने जा रही सरकारी धान खरीदी से पहले प्रशासन ने जिले के 49 संवेदनशील केंद्रों की एक सूची तैयार कर ली है। इन केंद्रों में अनुविभागीय स्तर के अफसरों की तैनाती की गई है, जो धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान पूरी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। निगरानी के लिए दस बिंदुओं की एक गाईड लाइन भी इन प्रभारी अफसरों के लिए तैयार की गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने इस बार धान खरीदी की प्रक्रिया पर अधिक मॉनिटरिंग के लिए अनुविभागीय स्तर के अफसरों की तैनाती के आदेश दिए थे। जिसके बाद जिला प्रशासन ने संवेदनशील श्रेणी के 49 केंद्रों में नायब तहसीलदार, सहायक अभियंता-उप अभियंता जैसे अनुविभागीय स्तर के अफसरों को तैनात कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार उपार्जन केंद्रवार मॉनिटरिंग और सतत निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें धान खरीदी से संबंधित सभी तकनीकी और व्यवस्थागत पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अधिकारियों को धान उपार्जन नीति, उपार्जन केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, तुंहर टोकन मोबाइल ऐप, चेक पोस्ट व्यवस्था और गुणवत्ता परीक्षण के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।



### ऑनलाइन एप से मिल रहा किसानों को टोकन

इधर आगामी 15 नवंबर से शुरु होने वाली सरकारी धान खरीदी के लिए विगत दो दिनों से टोकन वितरण का काम भी शुरु कर दिया गया है। हालांकि समिति प्रबंधकों की हड़ताल की वजह से अब तक ऑफलाइन टोकन वितरण नहीं हो पाया है। लेकिन किसानों को टोकन के लिए शासन द्वारा तैयार एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन जरुर दिया जा रहा है। ज्ञात हो 70 प्रतिशत टोकन ऑनलाइन एवं शेष ऑफलाइन दिए जाने की जानकारी दी गई है।

### बारदाना, टोकन का भी जिम्मा

अतिसंवेदनशील केंद्रों में मॉनिटरिंग के लिए तैनात अफसरों के लिए बकायदा एसओपी तैयार किया गया है। जिसमें इन केंद्रों में धान के किस्मों के अनुसार बारदाना की व्यवस्था, केंद्रों में खरीदे गए धान और बारदाना की स्टेकिंग की मॉनिटरिंग करने, जिससे भौतिक सत्यापन हो पाए। बारदाना और धान के मिलान नहीं होने पर समिति के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करना। समिति मॉड्यूल में किसानों को टोकन वितरण की मॉनिटरिंग करना।

### वाहनों की भी रखी जाएगी जानकारी

प्रभारियों को कहा गया कि जिस वाहन में धान लाया जाएगा। उसका वाहन क्रमांक, वाहन का प्रकार का किसानवार एंट्री करने कहा गया है। केंद्रों में ग्रीष्मकालीन एवं पुराने धान के बिक्री का प्रयास करने पर उसकी मॉनिटरिंग एवं रोकथाम का जिम्मा होगा। स्थानीय कोचियों का चिन्हांकन कर उनकी लगातार मॉनिटरिंग भी करने को कहा गया है।

### इन केंद्रों को माना गया अति संवेदनशील

जिले के 49 केंद्र संवेदनशील एवं अति संवेदनशील श्रेणी में है। इनमें राजनांदगांव ब्लॉक का कन्हारपुरी, सुरगी, भर्रेगांव, रानीतरई, गठुला, भानपुरी, सुकुलदैहान, घुमका, पटेवा, मुरमुंदा, उपरवाह शामिल है। ऐसे ही डोंगरगांव ब्लॉक के संबलपुर, तिलईरवार, तेंदूनाला, तुमड़ीबोड़, कोहका, रामपुर, दीवानभेड़ी, अर्जुनी, कोकपुर, खुज्जी, खुर्सीपार, सोनेसरार एवं किरगी। छुरिया ब्लॉक में साल्हेटोला, गहिराभेड़ी, रतनभाठ, पांगरीखुर्द, कल्लूबंजारी, उमरवाही, गैंदाटोला, बादराटोला, जोशीलमती, कुहीकला, जसयिंहटोला, शिकारीमहका, सड़क चिरचारी, जोब और डोंगरगढ़ ब्लॉक के मुसराकला, बेलगांव, मोहारा, रुवातला, बोरतलाव, खुर्सीपुर, कोलिहापुरी, बागरेकसा, रामाटोला, मेढ़ा और मुड़पार केंद्र शामिल हैं।

---

# बैठक में आर्थिक दंड से नाराज होकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गांव में भ्रम फैलाने को लेकर लगाया गया था आर्थिक दंड**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव में पूर्व में हुए बैठक में आर्थिक दंड देने से रंजिश रख रहे युवक ने अधेड़ की हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 10 नवंबर को सूचना मिली कि ग्राम मारगांव के कुआं में पानी में शव तैरता हुआ मिला है। जिसके सिर में चोंट लगना प्रतीत हो रहा है। जिस पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक कृष्णा पाटले थाना डोंगरगांव की टीम द्वारा उक्त स्थान रवाना होकर सूचक भागवत साहू 56 साल निवासी मारगांव से मिलकर मृतक अंगेश्वर साहू का मर्ग पंचनामा कार्रवाई के दौरान शव का निरीक्षण किया गया। जिसमें मृतक के सिर में पीछे एवं ऊपर चोंट के निशान पाए जाने पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा सदर का अपराध पाए जाने से धारा 103 (1) बीएनएस कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।



### बैठक की बात से था रंजिश

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान आरोपी आरोपी महेश सिन्हा 48 साल निवासी ग्राम मारगांव को थाना लाकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि गांव में नवरात्रि के समय लक्ष्मी माता का चरण पादुका बनाकर गांव वालों को भ्रम में डाला था। इस बात को लेकर गांव में बैठक हुई थी। जिसमें आरोपी महेश सिन्हा को आर्थिक दंड दिया गया था। मृतक अंगेश्वर साहू के कारण उसे गांव में दंड मिला है। इस बात की रंजिश महेश सिन्हा मृतक से रखता था। इसी रंजिशवश 9 नवंबर को आरोपी महेश सिन्हा द्वारा धारदार हथियार से मृतक अंगेश्वर साहू की हत्या की गई। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### गांव में अशांति फैलाया, कार्रवाई

गांव के मोहल्ले में अशांति फैलाने के आरोप में अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस से शिकायत करते की बात को लेकर ग्राम लिटिया में अशांति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले अनावेदक रोशन विश्वकर्मा 22 साल निवासी लिटिया के विरूद्ध पुलिस ने धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर इस्तगासा तैयार कर कार्यपालिका दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया।

---

**खबर संक्षेप**

### चाकू लेकर गाली-गलौज करने वाले पकड़ाए

**राजनांदगांव।** सार्वजनिक स्थान पर अवैध धारदार चाकू लेकर लहराकर डराने-धमकाने व गाली-गलौज करने वाले आरोपियों पर लालबाग पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों से चाकू बरामद किया गया है। लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 11 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि रेवाडीह उनके दुकान के सामने आरोपी राजकुमार उर्फ राम कोमरे एवं अभिषेक नेताम ने डरा-धमकाकर अपने हाथ में रखे धारदार चाकू लेकर लहरा रहा है। आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे मौके पर पहुंचकर पकड़कर धारदार चाकू हथियार को बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# निर्माणाधीन पोल्ट्री फार्म का विरोध, रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम केसला के समीप स्थित ग्राम धौराभाठा भूमि में निर्माणाधीन पोल्ट्री फार्म पर रोक लगाने की मांग लेकर आज ग्रामीण कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और यहां पोल्ट्री फार्म निर्माण को लेकर विरोध जताया।

ग्राम पंचायत केसला के समीप स्थित ग्राम धौराभाठा में परवेस अबी द्वारा पोल्ट्री फार्म स्थापना हेतु निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसको लेकर आज धौराभाठा के ग्रामीण कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और पोल्ट्री उद्योग से गंदगी होने एवं कृषि भूमि बंजर होने और स्वास्थ पर बुरा प्रभाव होने की संभावना को लेकर निर्माण कार्य रूकवाने ज्ञापन सौंपा है।

**ग्रामीण करेंगे आंदोलन:** ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत धौराभाठा एवं ग्राम पंचायत केसला द्वारा पोल्ट्री फार्म निर्माण कार्य पर रोक लगाने हेतु सर्वसहमति से प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। गांव के द्वारिका दास टंडन ने बताया कि इससे पहले तहसील और एसडीएम को ज्ञापन देकर रोक लगाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इस पर रोक नहीं लगाई गई तो ग्रामीण एकजुट होकर आंदोलन करेंगे।

# पुरानी रंजिश पर मारपीट करने वाले 4 आरोपी पकड़ाए

- बीच-बचाव करने वाली महिला के साथ भी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने के मामले की जांच कर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 नवंबर को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 नवंबर को साढे 12 बजे गली नं. 1 बख्तावर चाल तुलसीपुर में आरोपी मुकेश साहू, आकाश साहू, आकाश गेड़ाम एवं साहिल खान द्वारा पुराने विवाद को लेकर मां-बहन की गंदी-गंदी गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर लोहे के राड़, प्लास्टिक पाइप, डंडा व हाथ-मुक्के मारपीट कर चोंट पहुंचाना एवं बीच-बचाव करने आई महिला के साथ भी गाली-गलौज कर हाथापाई करना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 118, 351, 3 (5) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी मुकेश साहू 33 वर्ष, आकाश साहू 29 वर्ष, आकाश गेड़ाम 22 वर्ष व साहिल खान 25 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़कर थाना लाया गया। आरोपियों से पूछताछ पर जुर्म स्वीकार व घटना में प्रयुक्त लोहे का राड़, प्लास्टिक का पाइप व डंडा जब्त कर 10 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

# दिल्ली में हुई घटना के बाद अलर्ट मोड पर पुलिस, की जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिल्ली में हुए घटनाक्रम को लेकर जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है। बीती रात जिले के संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस अधिकारी सहित जवान शामिल रहे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु पुलिस बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है। हाल ही में दिल्ली में हुए घटना के मद्देनजर राजनांदगांव पुलिस ने सतर्कता बरतते जिले में संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान जारी रखा है। बीडीएस (बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड) टीम एवं डॉग स्कॉट टीम द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, प्रमुख सार्वजनिक स्थल एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में संदिग्ध वस्तुओं की जांच की जा रही है।

### संदिग्ध स्थानों पर पुलिस की नजर



थाना बागनदी, सोमनी, डोंगरगांव, चिखली, बसंतपुर, लालबाग एवं कोतवाली क्षेत्र के चौक-चौराहों एवं बॉर्डर इलाकों में वाहन व व्यक्तियों की सघन जांच की गई। चेकिंग के दौरान आने-जाने वाले वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों एवं बस्तियों में सुरक्षा जांच की कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध गतिविधियों की दें जानकारी

पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को निरंतर पेट्रोलिंग और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। पुलिस जिले में शांति, सुरक्षा और जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हर परिस्थिति में तत्पर है।

---

**15 हजार देकर ठेला लेने की बात आई सामने, नगर निगम पर उठे सवाल**

# निगम द्वारा अतिक्रमण में जब्त ठेले की चोरी! थाना में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के नाम पर फ्लाई ओवर के नीचे से हटाए गए ठेले को टांकाघर में रखा गया था। यहां रखे ठेले को भाजपा से जुड़े नेता और निगम के एक कर्मचारी ने मिलीभगत से बेच दिया गया। मामला कोतवाली थाना तक पहुंचाने के बाद पुलिस ने ठेला खरीदने वाले व्यक्ति को जब थाना बुलाया तो इसके बाद उसने नेता को 15000 रुपए देने की बात पुलिस से कही और फिर नेता ने निगम के कर्मचारी का नाम लिया। इसके बाद इस मामले में गहमा-गहमी होती रही। नेता और कर्मचारी एक-दूसरे पर पैसा लेने का आरोप मढ़ते रहे।

बीते जुलाई माह में नगर निगम द्वारा फ्लाई ओवर के नीचे से अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया गया। इस अभियान में दर्जनों लोगों के ठेले- खोमचे हटाए गए। इसी में एक ठेला जो लगभग 82 हजार रुपए की लागत से गौरीनगर निवासी रवि कुमार ने बनवाया था और इस ठेले पर चाय दुकान लगाकर अपना गुजर बसर करता था। इस ठेले को भी नगर निगम द्वारा हटाया गया और इसे स्थानीय टांकाघर में रख दिया गया। दीपावली त्यौहार पर लक्ष्मी पूजा के दिन रवि ने टंकाघर में जाकर अपने ठेले की पूजा की थी। इसके कुछ दिन बाद यह ठेला उसे वहां से गायब दिखा। आसपास निगम के कर्मचारियों को पूछने पर भी कोई संतुष्ट जवाब नहीं मिला। जिसके बाद रवि ने स्वयं अपने ठेले को ढूंढने की कोशिश शुरू कर दी। इसी दौरान उसे अपना ठेला लखोली में राकेश नामक व्यक्ति के पास दिखाई दिया और उसने इस मामले में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा से ठेला दिलवाने की अपील की। जिसके बाद आज कुलबीर सिंह छाबड़ा ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने कोतवाली थाना में ज्ञापन दिया और मामले में जांच की मांग की।

### पुलिस जांच में हुआ खुलासा



शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निगम प्रशासन ने भ्रष्टाचार की हद पार कर दी है। पोस्ट आफिस के सामने फ्लाई ओव्हर के नीचे वर्षों से फुटकर व्यवसाय कर रहे लोगों को व्यवस्थापन किया जाएगा, करके अतिक्रमण के नाम पर हटा दिया और भाजपाईयों से मिलीभगत कर उनके ठेले दूसरे को बेचे जा रहे हैं, जो पुलिस जांच के दौरान प्रमाणित भी हुई है।

**लेनदेन को लेकर हुई बहस** : शिकायत बाद पुलिस द्वारा ठेला खरीदने वाले व्यक्ति से पूछा गया कि तुम्हें ठेला कहां से मिला तो उसने बताया कि उसने उक्त ठेला स्थानीय भाजपा नेता को 15000 रुपए देकर टंकाघर से लाया है। भाजपा नेता ने निगम के कर्मचारी से ठेला दिलाने की बात कही। निगम कर्मचारियों को बुलाया गया तो उसने ठेला देना स्वीकार, लेकिन उसने कहा कि इसके लिए उसने कोई रुपए नहीं लिए हैं, तभी भाजपा नेता और निगम कर्मचारी के बीच रुपए के लेनदेन को लेकर बहस भी होती रही।

### पीड़ित काट रहे चक्कर

नगर निगम में कई ठेले अतिक्रमण के नाम पर जब्त किए हैं। इसमें से इस तरह कितने ठेले बेचे गए हैं अब इसकी भी जांच होनी चाहिए। जिसका ठेला है, उसे वापस न देकर निगम के कर्मचारी किसी और ठेला बेचवा रहे हैं। वहीं प्रभावित पीड़ित अपना ठेला, गुमटी लेने निगम के चक्कर काट रहे हैं।

### लखोली में बेचा गया ठेला

थाना पहुंचे रवि ने बताया कि उनके चाय के ठेले को पेंटकर लखोली ओव्हर ब्रिज के किनारे राकेश नामक व्यक्ति दुकान लगा रहा है। मेरे चाय ठेले को मैं अच्छी तरह से पहचानता था। जिसमें चतुर्भुज महाराज लिखा हुआ है। उन्होंने इस मामले में निगम प्रशासन और पुलिस प्रशासन से चाय ठेले को बेचने वाले व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज कर ठेला वापस दिलाया जाने की मांग की है।


संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)

हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD,
DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर

24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

**पटेवा।** ग्राम अवेली में ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय उपजोन स्तरीय बालक्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन कल 12 एवं 13 नवम्बर को किया गया है। स्पर्धा में संकुल केन्द्र सलोनी, कामठा, करमतरा, मदराकुही एवं भरदाकला के लगभग 500 बच्चे शामिल होंगे। बालक्रीडा प्रतियोगिता का उद्घाटन जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुश्री शताक्षी देवव्रत सिंह करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रुप में सरपंच दुर्गाबाई सेन, कमलेश यादव, संकुल प्राचार्य शिवलाल साहू शामिल होंगे। आगामी 13 नवम्बर को पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा होंगी। अध्यक्षता सरपंच दुर्गाबाई सेन करेंगी। विशिष्ट अतिथि शिवलाल साहू, अजय वर्मा होंगे।

### विज्ञान मॉडलों की जमकर प्रशंसा



**खड़गांव।** स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम स्कूल में विश्व विज्ञान दिवस के मौके पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में स्कूल के छात्र छात्राओं ने विज्ञान के विभिन्न माडलों का प्रदर्शन किया। छात्रों के प्रयास की सभी शिक्षकों ने जमकर तारीफ की। बच्चों ने साइंस में गहरी रुचि दिखाते हुए विज्ञान से चार्ट, वर्किंग माडल एवं स्टेटिक माडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी के आयोजन में छात्र छात्राओं के अलावा प्राचार्य खेमलता दास, शिक्षक आदि की भूमिका अहम रही। उपस्थित जनों ने माडलों का अवलोकन किया और छात्र छात्राओं के प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना की।

### वनांचल में भी शीत लहर

**खड़गांव।** तीन- चार दिनों में खडगांव क्षेत्र में शीत लहर का असर देखने मिल रहा है। शाम ढलते ही चारों तरफ कोहरा छा जाता है। सुबह 7 बजे तक कोहरा देखा जा रहा है। कोहरा और ठंड के कारण पहली पाली में स्कूल जाने वाले छात्र छात्राओं को परेशानी हो रही है। अचानक ठंड बढ़ने के बाद लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है वहीं अब सुबह से आंगन में बैठकर ठंड का आनंद लेते दिखाई देने लगे है। ठंड के चलते रात्रि मे अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास किया जा रहा है। ठंड की दस्तक के बाद व्यापारियों में भी खुशी का माहौल है। व्यापारियों ने ठंड आने के पहले ही कम्बल, शाल और स्वेटर का भरपूर स्टाक कर रखा है। वर्तमान ठंड को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि गर्म कपड़ों की बिक्री अच्छी होगी।

### कॉलेज ग्राउंड का निरीक्षण, सफाई पर जोर

**डोंगरगढ़।** पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने स्थानीय कॉलेज ग्राउंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मैदान में लगी घास की स्थिति को देखा और सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। अध्यक्ष डोंगरे ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि घास की नियमित देखरेख की जाए, ताकि विद्यार्थियों और खेल प्रेमियों को हरा-भरा वातावरण मिले। उन्होंने यह भी कहा कि नगर में सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है, और इसके लिए सभी कर्मचारियों को पूरी निष्ठा से कार्य करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों की टीम भी उपस्थित रही।

### पदाकारियों ने किया शपथ ग्रहण

**खुज्जी।** परिक्षेत्र साहू संघ का शपथ ग्रहण कार्यक्रम ग्राम बड़हूम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विभा साहू शामिल हुई। अध्यक्षता तहसील के अध्यक्ष शिवराम साहू ने की। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष नवल किशोर साहू एवं अन्य पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर शौचालय का भूमिपुजन किया गया।

## एक माह बाद प्रेक्टिकल, पर साइंस टीचर नहीं

# आधा सत्र गुजर गया, शिक्षकों की कमी से पीएमश्री स्कूल में पढ़ाई ठप

## स्कूल से पालकों और बच्चों का भंग होने लगा मोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

ब्लाक मुख्यालय में संचालित पीएमश्री आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढाई करने वाले सैकडो छात्र छात्राओं का भविष्य संकट में दिखाई दे रहा है। इस विद्यालय में फिजिक्स सहित सांइस के अन्य विषयों के टीचर का पद महिनो से खाली है। सवाल यह है कि बिना पढाई के बच्चे कैसे परीक्षा देंगे? शिक्षकों के नहीं होने से विद्यार्थियों के परीक्षाफल को आसानी से समझा जा सकता है। आश्चर्य की बात यह है कि जिम्मेदार सब कुछ देखते एवं समझते हुए तमाशबीन बने हुए है।

उल्लेखनीय है कि गरीब बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा दिलाने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में खोला गया था। इस शाला में बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए पालक काफी जद्दोजहद करते थे। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में स्कूल का नाम बदलते हुए पीएमश्री स्कूल कर दिया गया है किन्तु सुविधा मुहैया कराने की दिशा में अपेक्षित प्रयास नहीं होने और पढ़ाई के चरमराने के बाद पालकों का माह इस शाला से भंग होने लगा है। शिक्षकों की कमी एवं अव्यवस्थाओ से घिरी पीएम श्री शाला से अब पालक अपने बच्चों को निकालने की सोच रहे है।



### जरूरी शिक्षक नहीं

वर्तमान में आधा शिक्षा सत्र गुजरने वाला है। करीब तीन माह बाद हाईस्कूल एवं हायर सेकेंण्डरी बोर्ड की परीक्षा शुरू हो जाएगी। अधिकारियों द्वारा बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों पर दबाव बनाया जा रहा है किन्तु इस विद्यालय में जुलाई माह से व्याप्त साइंस टीचर की कमी को दूर करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बीते पांच महिने से बायोलाजी और फिजिक्स की पढाई ठप है। अगले माह साइंस की प्रायोगिक परीक्षाएहोनी है ऐसी स्थिति में पीएम श्री में 11वीं और 12 वीं के परीक्षार्थियो कैसे परीक्षा देंगे? उनका परीक्षाफल क्या होगा? प्रायोगिक परीक्षा में तो बच्चे जैसे तैसे उत्तीर्ण हो जाएंगे लेकिन मुख्य परीक्षा के परिणाम को लेकर बच्चे और पालक चिंतित नजर आने लगे हैं।

### व्याख्याता को बना दिया वार्डन

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिंदी माध्यम स्कूल में शिक्षकों की कमी बनी है वहीं शिक्षा विभाग ने पीएम श्री हिंदी माध्यम शाला की व्याख्यता नीलिमा अंबादे को ग्राम मक्के में कन्या आश्रम शाला का अधीक्षक बना दिया है। शिक्षकों की कमी के बीच व्याख्याता को कैसे आश्रम शाला का अधीक्षक बनाया गया है यह जांच का विषय है। शाला के प्रचार्य भरत चौहान ने बताया कि शिक्षको की कमी की सूचना शीर्ष अधिकारियों को दी गई है। नए शिक्षकों की भर्ती प्रक्रियाधीन है। भर्ती होने के बाद शिक्षकों की कमी दूर हो जाएगी।

### मिडील स्कूल में वही रोना

पीएम श्री मिडिल स्कूल में भी शिक्षकों की कमी बनी हुई है। जानकारी के अनुसार मिडिल स्कूल में साल भर से सामाजिक विज्ञान एवं गणित शिक्षक का पद रिक्त है। यहां भी शिक्षकों की कमी के चलते पढाई ठप है। बताया जाता है कि अन्य विषयों के शिक्षकों द्वारा सामाजिक विज्ञान और गणित पढाया जाता है लेकिन विषय विशेषज्ञ नही होने के कारण वह बच्चों को ठीक से पढा नहीं पा रहे है।

### प्राइमरी शाला में मात्र एक शिक्षक

शिक्षा विभाग द्वारा पीएम श्री शाला का किस तरह संचालन किया जा रहा है इसकी बानगी पीएमश्री प्राइमरी वर्ग में देखने मिल रहा है। यहां बच्चों को पढाने के लिए मात्र एक शिक्षक की पोस्टिंग हुई है। जबकि अन्य शिक्षकों के पद साल भर से खाली है। जानकारी के अनुसार प्राइमरी शाला के लिए पांच शिक्षक का सेटअप है लेकिन विद्यालय में एक ही शिक्षक पहली से लेकर पांचवी तक के बच्चों को पढ़ा रहा है।

# मुख्य सड़क पर महीनों से व्यर्थ बह रहा पानी



- सड़क में दबी पाईप लाइन, लिकेज की मरम्मत हुई मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान पाइप लाइन शिफ्ट करने का मसला कोई बार सामने आया किंतु इसकी हमेशा अनदेखी किया गया जिसका दुष्परिणाम अब सामने आने लगा है।

उल्लेखनीय है कि मुख्य मार्ग की किनारे पानी सप्लाई पाइप लाइन लगी है। सड़क चौड़ीकरण के बाद यह पाइप लाइन बीच में आ गई है। सड़क चौड़ीकरण कार्य जब शुरू हुआ तब पाइप लाइन को शिफ्ट करने का मामला कई बार सामने आया।

तर्क दिया गया कि सड़क चौड़ीकरण के बाद पाइप लाइन में किसी प्रकार की शिकायत आने पर मरम्मत करने में परेशानी आएगी। लगातार यह मामला सामने के बाद भी अधिकारियों और जनप्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और अब पाइप लाइन मुख्य सड़क में दब गई।

### पानी का लगातार दुरूपयोग

कीर्ति स्तंभ के सामने महीनों पहले पाइप लाइन फूट गया है। पानी अब सड़क को छेदते हुए व्यर्थ बह रहा है किंतु पाइप लाइन की मरम्मत नहीं हो पा रही है। पाईप लाईन की मरम्मत नहीं होने से पानी की बर्बादी तो हो रही है साथ पानी के साथ मिट्टी और संक्रामक जीवाणुओं के घरों तक पहुंचने की आशंका बढ रही है। हैरानी वाली बात यह है इस मार्ग के प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारी और नगर पंचायत के कथित सक्रिय पदाधिकारी गुजरते हुए पानी की बर्बादी को देख रहे है किंतु पाइप लाइन को दुरुस्त करने की पहल नहीं कर रहे हैं।

### बार-बार फूट रहा पाईप

भारी वाहनों के दबाव से कीर्ति स्तंभ के सामने पाइप लाइन कई बार फूट चुकी है। सड़क चौड़ीकरण के दौरान जैसे तैसे मरम्मत कर लिया गया किंतु अब जबकि सड़क का निर्माण पूर्णता की ओर तब समस्या गंभीर दिखने लगी है।

# स्वच्छता अभियान : प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रजत जयंती महोत्सव एवं विशेष स्वच्छता पखवाड़ा 2025 अंतर्गत नगर निगम द्वारा महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में शहर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई के अलावा विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। अभियान के तहत स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण, वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी तथा निगम सीमाक्षेत्र के स्कूल व कॉलेज में विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने जानकारी देकर उनके लिए विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छता पखवाड़ा में शासन द्वारा निर्धारित गतिविधियां संचालित करने आयुक्त विश्वकर्मा ने अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व सौंपा है। जिनके द्वारा स्वच्छता संबंधी विविध आयोजन कराए गए।

शुक्रवार को ठा. प्यारेलाल स्कूल में रजत जयंती महोत्सव एवं विशेष स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने रस्सा खींच, कुर्सी दौड, रिले रेस, दौड़, कबड्डी खेल में उत्साह से भाग लेकर स्वच्छता अपनाने संकल्प लिया। इसी प्रकार अन्य स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए स्वच्छता संबंधित स्वच्छ इंटर स्कूल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें निबंध, चित्रकला, रंगोली प्रतिस्पर्धा में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी कला का प्रदर्शन कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही स्वच्छता अपनाने, घर के आसपास साफ-सफाई रखने, गीला-सूखा कचरा पृथक-पृथक करने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने तथा स्वच्छता से लोगों को जोड़ने शपथ ली गई।



### स्वच्छता दीदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शहर में स्वच्छता अभियान के अलावा स्वच्छता लक्षित इकाई की सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, वेस्ट टू आर्ट अंतर्गत अनुपयोगी वस्तुओं से बने कलाकृतियों की राज्योत्सव में प्रदर्शनी सहित स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। स्वच्छता पखवाड़ा का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना तथा शहर में स्वच्छ एवं साफ वातावरण निर्मित कराना है। जिसके परिपालन में नगर निगम द्वारा शहर में विभिन्न गतिविधियां संचालित करना एवं शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने स्वच्छता अभियान के तहत शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता से जुड़ने एवं स्वच्छता अपनाने अपील की जा रही है।

# छोटी बचत से ही बड़ी आर्थिक सफलता

## निवेश पर सीए हिना जैन ने विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन

**अर्जुनी।** विश्व लेखाकंन दिवस के मौके पर स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में सोमवार को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में वाणिज्य विभाग ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में सीए हिना मंगल जैन शामिल हुई।

स्वागत और शुभारंभ की औपचारिता के बाद प्राचार्य श्रीमती ठाकुर ने सीए हिना मंगल जैन के प्रेरणादायी व्यक्तित्व से विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने हेतु उत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन दिवस के महत्व से अवगत कराया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सीए श्रीमती जैन ने विद्यार्थियों को निवेश के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि निवेश का महत्वपूर्ण नियम है कि पहले निवेश करें फिर शेष खर्च करें। उन्होंने विद्यार्थियों को सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान,म्यूचुअल फंड जैसे विभिन्न निवेश विकल्पों की जानकारी दी।उन्होंने छोटी-छोटी बचतों से भविष्य निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।




### नियमित रूप से करें बचत

उन्होंने विश्व के महान निवेशक वॉरेन बफ़ेट का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे हम अनुशासित निवेश और दूरदर्शिता से आर्थिक सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की विविध जिज्ञासाओं जैसे करियर निर्माण, प्रायोगिक परीक्षाएँ तथा शेयर बाज़ार में निवेश संबंधित सवालों का समाधान किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ. संजू सिंह,चांदनी पराते, हरवंश चौरगे, मोनिश खान, चद्रकांत कुंभकार, ओम प्रकाश सहारे, डॉ. हेमलता विरदी, कंचन साहू, योगिता ठाकुर, हिमानी साहू के अलावा तीनों संकाय के विद्यार्थी शामिल हुए। संचालन एवं आभार प्रदर्शन शुभि जैन ने किया।

# एसआईआर पर भाजपा की कार्यशाला

- नेताओं ने गाईड लाइन से कार्यकर्ताओं को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर भाजपा ने सोमवार को एसआईआर पर कार्यशाला का आयोजन स्टेशन रोड़ स्थित गुजराती भवन में किया। कार्यशाला में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जैनकुमार मेश्राम, शशिकांत द्विवेदी, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, शहर अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना आदि शामिल हुए। कार्यशाला में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नियम, नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी गई। श्री गांधी ने बताया कि जिनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। उन्हे आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र देना होगा



श्री गांधी ने मृत, स्थानांतरित या दोहराए गए नामों को हटाने की प्रक्रिया को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर मतदाताओं की वास्तविक सूची तैयार करने में सहयोग करने कहा, ताकि चुनाव के समय भ्रम की स्थिति न रहे। कार्यशाला में मंडल प्रभारी सत्य प्रकाश मिश्रा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुनील जैन चीकू, प्रदीप बाघ, महेंद्र अग्रवाल, अमित जैन, सरफराज नवाज, नागेंद्र परिहार, विनीत यादव, विनय बंसल, सविता दरगड़, लक्ष्मी यादव, अनिल पांडे, राम कुमार डडसेना, श्याम तिवारी, दीपक ठाकुर, अजय शर्मा, ललित शर्मा, चितरंजन साहू, गिरीश साहू, आकाश सिंग राजपूत, आदित्य मिश्रा, लोकेश इंदुलकर, कैलाश सोनवानी, अंचला ठाकुर, वत्सला श्रीवास्तव, अलका सहारे, मुकुंद कंडरा, भागवत नामदेव, महेश सहारे, शुभम परिहार, सावन टेंभुरकर, कन्हैया अग्रवाल, ओम प्रकाश साखरे, रूपेंद्र इंदुलकर, मनोज गुप्ता, संतोष चोपड़ा, सुरेश शर्मा, जसप्रीत भाटिया, अक्षय यादव, हिमांशु सेन, इंदु ठाकुर, मधु ठाकु, सुधा श्रीवास्तव, रेखा राघोतरे, हरीश मोटघरे, सुमित ताम्रकार, शारदा यादव, देवेंद्र साखरे, डी एकेश राव, रतन कोसे, भूपेंद्र कुमार मरकाम, शिवांगी साखरे, अनीश निर्मलकर, राजेश कंडरा, राजा सेन आदि शामिल हुए।

### प्रशासन ने खोली दुकान की सील

**डोंगरगढ़।** नक्सल पीड़ति परिवार की सहमति से सील की गई दुकान को खोल दिया गया है। नगर पालिका अधिकारी के बिना नोटिस के दुकान सील करने के मामले को लेकर पीड़ति परिवारों ने मुख्यमंत्री निवास जाना स्थगित कर दिया है। एसपी के आश्वासन पर धीरेन्द्र साहू ने सहमति पत्र के आधार पर दुकान का सील खोलने के लिए शर्त रखी थी। एसपी ने सहमति पत्र पर उचित कार्यवाही और शासन को पत्र भेजने की बात कही है। बिना नोटिस के दुकान सील करने के मामले में पालिका अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी साथ ही उसे हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। दुकान में लगी सील को खोलने की प्रक्रिया एसडीएम और एसडीओपी की उपस्थिति किया गया।

# गौशाला पिंजरा पोल ने जैन का किया सम्मान



**राजनांदगांव।** उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन द्वारा बीते दिनों शहर के गणमान्य नागरिक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता खेमचंद जैन को छेदीलाल अवॉर्ड से सम्मानित करने पर समाज के गौरव के रूप में आज गौशाला पिंजरापोल द्वारा सम्मान किया गया। श्री गौशाला पिंजरा पोल राजनांदगांव के अध्यक्ष खुबचंद पारख, इंदरचंद कोठारी, श्रीचंद कोचर, देवीशरण खंडेलवाल, पुरुषोत्तम गांधी, बंशीलाल बरडिया, अनिल बरडिया, अशोक कोटडिया, मोती सोनी, कानमल पारख, मीनु जैन, मनोज लढ्ढा, पार्षद रानू जैन, राजेश गुप्ता, विनोद श्रीरंगे एवं अन्य लोगों ने प्रतीक चिन्ह मोमेन्टो, शाल, श्रीफल व दुपट्टा भेंटकर सम्मानित किया।

**न्यायालय तहसीलदार गंडई**
**जिला - खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
प्र.क. MD202526420108400001/अ-6, 2024-25
ग्राम चकनार, प.ह.न. 04

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका निर्मला ठाकुर स्व. पंचम सिंह जाति गोंड़ निवासी परसदा कृषक ग्राम चकनार प.ह.न. 04 तहसील गंडई जिला-खैरागढ़ छुईखदान गंडई (छ.ग.) ने मृतक पंचम सिंह पिता अंकलहा नाम पर ग्राम चकनार प.ह.न. 04 तहसील गंडई स्थित भूमि भूमिस्वामी की भूमि ख.न. कमशः 288/3, 382/2 रकबा कमशः 0.0480 हे. धाारित है। भूमिस्वामी पंचम सिंह पिता अंकलहा का दिनांक 23/04/2021 को मृत्यु हो जाने के कारण उक्त भूमि मे मृतक के वैध वारिसान का नाम दर्ज करने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएवं उक्त संबंध में जिस किसी को किसी प्रकार कि कोई दावा/ आपत्ति हो तो न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/11/2025 को उपस्थित होकर अपनी दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगां।

आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
जारी दिनांकः 10/11/2025
पेशी दिनांकः 24/11/2025
मुहर
तहसीलदार
गंडई (छ.ग.)

### मोहला में लोककला महोत्सव 15 को

**मोहला।** जिला मुख्यालय मोहला में शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव का जिला स्तरीय आयोजन आगामी 15 नवम्बर को किया गया है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित एक दल को अंबिकापुर में आगामी 18 नवंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा। जिले के आदिवासी लोक नृत्य समितियों को इस आयोजन में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### उपजोन स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा आयोजित

**छुईखदान।** बालक स्कूल मैदान में उपजोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में 6 संकुल के बच्चों ने खेल का प्रदर्शन किया। मुख्य आतिथि बीईओ गिरेन्द्र कुमार सुधाकर थे। इस दौरान दिग्विजयदास वैष्णव, केशव राम साहू, दयालराम बंजारे, दशरथ भारती, राजेश चंदेल, पिताम्बर राजपूत, रवि तिवारी मौजूद थे। कार्यक्रम में शिक्षक बद्रीराम साहू, नूनकरन वर्मा, रमेश चंदेल, कृष्ण कुमार वैष्णव, उत्तम महोबिया, अनिल देवांगन, उमेश कुमार साहू, बसंत यादव, विमला यादव, रेवा बंजारे, शिवकुमार साहू, रामजगदीश देवांगन, नंदू कुंजाम, समीर, सूरज जंघेल, श्री मंडावी, श्री धृतलहरे, श्री बंजारे, श्री राडेकर, रेवा वर्मा, संध्या महोबिया, निर्मला जंघेल, बबिता जोशी, खान मैडम आदि शामिल हुए।

### रामपुर के रासेयो शिविर में बौद्धिक चर्चा आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव के रासेयो इकाई का 7 दिवसीय शिविर ग्राम रामपुर में प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन एवं रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे के निर्देशन में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित किया गया। शिविर में बौद्धिक चर्चा में भाग लेते ग्रामीण विकास के लिए युवा विषय पर पूर्व प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने कहा कि युवा ही देश की रीढ़ है। युवा समाज को नई दिशा दे सकता है। भारत युवाओं का देश है। सहायक प्राध्यापक डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने कहा कि आज महिलाएं पुरूषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। युवा शक्ति-राष्ट्र शक्ति विषय पर डॉ. जैनेन्द्र दीवान, बसंत यादव, बशीर जिलानी व डॉ. उमरे ने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाए। राजनांदगांव सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने एचआईव्ही/एड्स के कारणों, लक्षणों, बचाव पर विस्तार से जानकारी देते कहा कि यह वायरस शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को समाप्त कर देता है। जिससे शरीर लड़ने में अक्षम हो जाता है। स्वयं बचे और समाज को बचाएं। पूर्व प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने सामाजिक कुरूतियों पर चर्चा की। दहेज प्रथा, अंधविश्वास, रूढ़ीवादिता, जातिभेद, लिंगभेद को समाज के लिए कलंक बताया। प्रो. केके द्विवेदी ने आत्मनिर्भर भारत विषय पर जानकारी देते कहा कि हमें स्वयं के रोजगार पैदा करने होंगे, देश में सभी टेक्नोलॉजी का निर्माण हो। मोनिका दास ने महिलाओं के बढ़ते कदम पर महिलाओं के विकास यात्रा की जानकारी दी। डिजिटल इंडिया के लिए युवा विषय पर डॉ. एएन माखीजा, अनिल चंद्रवंशी, शिवेन्द्र नगपुरे व परमेश्वर वर्मा ने कहा कि सभी को डिजिटली साक्षर होना जरूरी है। हमारे कार्यशैली में बदलाव हो, जीवन उपयोगी हर कार्य में मोबाइल रखना समय की मांग है।

शिकायतकर्ताओं में प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश

# फसल बीमा धोखाधड़ी के मामले में जुर्म दर्ज करने के आदेश की अवहेलना

## लाखों के घोटाले में दोषियों को बचाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम पर ग्राम पंचायत धोधा में हुए लाखों रुपये के सुनियोजित घोटाले में अब सरकारी तंत्र की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कृषि विभाग, रायपुर के संचनालय ने जांच रिपोर्ट मिलने के बाद 9 अक्टूबर को ही दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का सख्त आदेश जारी किया था, लेकिन एक महीने से ज़्यादा बीत जाने के बाद भी एफआईआर दर्ज नही कराया गया है

बल्कि, जानकारों के अनुसार इसके विपरीत, प्रशासन ने पुनः जांच आदेश निकाला है, जिससे यह संदेह गहरा गया है कि लाखों के घोटाले के दोषियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। शिकायतकर्ताओं का सीधा आरोप है कि मुख्य आरोपी, दस्तावेज लेखक अनीश गौतम और उनके सहयोगियों की तगड़ी राजनीतिक और रसूखदार पहुंच के सामने प्रशासन नतमस्तक है। शिकायतकर्ताओं के बार-बार गुहार लगाने और पूर्व मुख्यमंत्री तथा विपक्ष के नेताओं तक मामला पहुंचाने एवं जांच रिपोर्ट मिलने के बाद संचनालय ने एफआईआर दर्ज करने का स्पष्ट निर्देश दिया था। फिर भी एफआईआर दर्ज नही कराया गया है।

### पुनः होगी जांच

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार जांच प्रतिवेदन के आधार पर संचनालय से जारी आदेश के पालन के बजाय, जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की 6 नवंबर की बैठक के बाद पुनः जांच करने का आदेश जारी किया है। जिसकी जानकारी होने पर शिकायतकर्ताओं में भारी रोष है, उनका कहना है की यह स्पष्ट है कि उच्चाधिकारियों पर दबाव है और वे जानबूझकर कार्रवाई में कोताही बरत रहे हैं।




### क्या है धोधा के फर्जीवाड़े का मामला?

रबी फसल 2024-25 से जुड़े इस संगठित घोटाले में सीएससी सेंटर संचालक, बीमा एजेंट, पटवारी और कृषि विभाग के कर्मचारियों सहित अन्य की मिलीभगत पाई गई है जिसमें ग्राम पंचायत की सरकारी चारागाह भूमि (खसरा क्र. 85) का फर्जी बीमा कराकर दस्तावेज लेखक अनीश गौतम के खाते में 90,686 की राशि डाली गई। वास्तविक किसानों की बिना जानकारी के उनकी जमीन का बीमा अन्य अपात्र व्यक्तियों के नाम पर कर दिया गया। साथ ही 7 साल से लापता आदिवासी मांगीलाल की जमीन का भी फर्जी बीमा कराया गया, जिसका पैसा खुमान राम के खाते में जमा हुआ।

### विधानसभा में उठ सकता है सवाल

बता दे कि धोधा के शिकायतकर्ता बीते दिनों पूरे मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मोहम्मद अकबर और चरण दास महंत के पास गए और अपनी पीड़ा बताई थी जिनके द्वारा विधिसंगत कार्यवाही नही होने पर उक्त मामले को विधानसभा में उठा सकते है।

### गरीब और अमीर के लिए अलग कानून

ग्रामीणों का आक्रोश है कि सरकार का यह दोहरा रवैया न्याय के सिद्धांत पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। अगर यही मामला किसी गरीब किसान का होता, जिसने गलती से भी नियम तोड़ा होता, तो अब तक उसे जेल भेज दिया गया होता। गरीबों के लिए त्वरित कार्यवाही और अमीरों के लिए जांच पर जांच का खेल।

# विद्यार्थियों ने निकाली जनजागरूकता रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह पर समाज कार्य के विद्यार्थियों द्वारा जनजागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन कॉलेज परिसर से मानव मंदिर चौक तक किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक करते यातायात सुरक्षा के नियमों एवं ट्रैफिक नियमों की जानकारी से अवगत कराया एवं अपने आसपास के लोगों को सड़क नियमों के प्रति जागरूक करने की प्रेरणा दी।

समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू द्वारा युवाओं को संबोधित करते कहा कि शराब पीकर गाड़ी न चलाएं, दो से अधिक सवारी न बिठाएं, उक्त रैली के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह पर जनजागरूकता हेतु विभिन्न नारे लगाए गए। मोबाइल का साथ सड़क पर घात, हेलमेट पहनो सुरक्षित रहो, सावधानी हटी दुर्घटना घटी आदि स्लोगन के माध्यम से जनता को जागरूक किया गया एवं मानव मंदिर चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य यातायात सड़क सुरक्षा नियमों व सड़क दुर्घटनाओं से बचने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में डॉ एके मंडावी, ललिता साहू, शालिनी सोनी, तारणी साहू, डॉ. प्रियंका लोहिया, चित्राशा राठौर एवं समाज कार्य के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### एमएलबी स्कूल में मनाया विश्व विज्ञान दिवस



**राजनांदगांव।** महारानी लक्ष्मीबाई शा.कन्या उ. माध्यमिक विद्यालय में 10 नवंबर को विश्व विज्ञान दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवा संघ के संयोजक संजीव सिंघल थे। श्री सिंघल ने विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को संबोधित करते उनसे दैनिक जीवन में विज्ञान का उपयोग करते विश्व शांति एवं विकास के लिए विज्ञान का उपयोग करने का आह्वान किया। सिंघल ने भौतिक विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान, जीव विज्ञान आदि की अनेक महत्वपूर्ण बातें बताईं। उन्होंने बताया कि सूर्य भी अपने सौर मंडल के साथ आकाश गंगा के केंद्र की परिक्रमा करता है। प्राचार्य चैतूराम वर्मा ने भी संबोधित करते आभार व्यक्त किया।

# नगर की समस्याओं को प्रेस क्लब सदस्यों ने उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान प्रेस क्लब के सदस्यों ने नगर के विकास में लापरवाही और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पर नाराज़गी जताई है।

लगभग चार माह पूर्व प्रेस क्लब के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रावल से भेंट कर नगर की समस्याओं और शिकायतों से अवगत कराया था। क्लब के सदस्यों ने बताया कि वार्ड 8 स्थित मंगल भवन के बगल की खाली जगह जिसे पार्किंग स्थल के रूप में उपयोग किया जाता है पर एक बाहरी व्यक्ति द्वारा कब्जा करते हुए मकान निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में नगर पंचायत से भी शिकायत की गई थी, परंतु कार्यवाही नहीं की गई। फिलहाल निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार छुईखदान-दनिया सड़क निर्माण को लेकर भी प्रेस क्लब ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ठेकेदार ने लगभग 400 मीटर हिस्सा अधूरा छोड़ दिया है, जिसके कारण मार्ग सकरा हो गया है। परिणामस्वरूप आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। मोहल्लों से जुड़ने वाले मार्गों के लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रेस क्लब सदस्यों ने बताया कि दोनों मामलों की शिकायत कलेक्टर से की गई थी किन्तु अब तक न तो अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई है और न ही अधूरी सड़क का कार्य पूरा किया गया है।

# जिले के हर स्कूल-कॉलेज में गूंजेगा वंदे मातरम्

■ भाजपा ने शुरू की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में भारत माता के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरा होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिला भाजपा संगठन ने इस कार्यक्रम को पूरे जिले में व्यापक और प्रभावशाली रूप से मनाने की तैयारी शुरू कर दी है।

अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और संगीत विश्वविद्यालय में वंदे मातरम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक एकता की भावना का संचार हो सकें। प्रदेश भाजपा ने कार्यक्रम की जिम्मेदारी पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू को संयोजक और जिला महामंत्री नवनीत जैन को सह संयोजक नियुक्त कर सौंपा है। जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिसेसर साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम पूरे जिले में होगा। कार्यक्रम की प्रभावी रूपरेखा के लिए जिला स्तर पर संयोजक के रूप में नीलिमा गोस्वामी और विधानसभा स्तर पर संयोजक विनय देवांगन, हर्षवर्धन वर्मा को जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं मंडल स्तर पर आठों मंडलों में मंडल संयोजकों की नियुक्ति की गई है जिसमें खैरागढ़ मंडल से ऋषभ सिंह, छुईखदान मंडल से रोशन चंद्राकर, गंडई मंडल से श्यामपाल ताम्रकार, साल्हेवारा मंडल से संतोष ठाकुर, नर्मदा मंडल से ज्योति जंघेल, ठेलकाडीह मंडल से ओम प्रकाश साहू, बाजार अतरिया मंडल से प्रेमसागर गुप्ता और पांडादाह मंडल से खेमचंद सिन्हा को संयोजक नियुक्त किया गया है।

### विद्यालयों और कॉलेजों में होगा आयोजन

अभियान तहत जिले के लगभग 70 शासकीय व निजी विद्यालयों, 10 महाविद्यालयों और संगीत विश्वविद्यालय में वंदे मातरम कार्यक्रम नियुक्त संयोजकों के द्वारा आयोजित किया जाएगा। सभी संस्थानों में संयोजकों की नियुक्ति भी कर दी गई है, जो कार्यक्रम संचालन और व्यवस्थापन की जिम्मेदारी संभालेंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी, शिक्षक, प्राध्यापक और आम नागरिक एक साथ वंदे मातरम का गान करेंगे। साथ ही देशभक्ति से जुड़ी रैलियां, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी लगातार आयोजित किया जाएगा। जिला संयोजक घम्मन साहू ने बताया कि यह आयोजन केवल राष्ट्रगीत के गायन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका उद्देश्य नई पीढ़ी के युवाओं को वंदेमातरम् की प्रासंगिकता से जोड़ते हुए देशप्रेम की भावना को जागृत करना है। यह गीत कल आज और कल के भारत की आत्मा का गीत है गर्व है संकल्प है। सह-संयोजक नवनीत जैन ने कहा कि वंदे मातरम् हम सबका राष्ट्रगीत है और इसके 150 वर्ष पूरे होने पर यह आयोजन हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है यही भाजपा की मोदी सरकार की राष्ट्रनीति है।

# आज विस अध्यक्ष जिले के प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 12 नवम्बर को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह कल 12 नवंबर को सुबह 10 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे गुरूद्वारा चौक राजनांदगांव पहुंचेंगे और एकता मार्च समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विस अध्यक्ष दोपहर 12.30 बजे मंडी परिसर राजनांदगांव पहुंचकर डामरीकरण भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1 बजे मंडी परिसर राजनांदगांव से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 4.20 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.30 बजे दिग्विजय स्टेडियम पहुंचेंगे और दिग्विजय स्टेडियम का अवलोकन करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 4.40 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.50 बजे कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव पहुंचेंगे और खेल संघों की साथ बैठक लेंगे। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह शाम 5.30 बजे कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव से सड़क मार्ग द्वारा स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# ब्लूम्स एक्सपो में खंडेलवाल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



देश के प्रख्यात शिक्षाविद् अभिषेक खंडेलवाल को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए रायपुर में आयोजित राष्ट्र स्तरीय ब्लूम्स एक्सपो 2025 में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें स्कूल शिक्षा में उनके ऐतिहासिक कार्यों और अभिनव शिक्षण पद्धतियों के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में देशभर से शिक्षाविद, विद्यालय प्रमुख और शिक्षा क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे। इस अवसर पर अभिषेक खंडेलवाल को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

अभिषेक खंडेलवाल ने कहा कि यह सम्मान मेरे विद्यालय, शिक्षकों और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है। शिक्षा में गुणवत्ता, नवाचार और मानवीय मूल्यों को केंद्र में रखकर हम निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे। ब्लूम्स एक्सपो का उद्देश्य भारत में शिक्षा की गुणवत्ता को उन्नत करना और शिक्षकों को नई तकनीकों व शिक्षण पद्धतियों से सशक्त बनाना है। इस वर्ष के आयोजन में कई प्रतिष्ठित शिक्षकों और संस्थानों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

अभिषेक खंडेलवाल ने इस सम्मान का श्रेय विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को दिया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान मेरे विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है और मैं उनका आभारी हूं।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जनमेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, बर्सर आईके वैष्णव, अपर्णा वर्मा और मौली सेबेस्टियन ने अभिषेक खंडेलवाल को उनकी गुणवत्ता शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए बधाई दी। अभिषेक खंडेलवाल को कोटा और इंदौर जैसे शहरों में काम करने का अनुभव है और वे विद्यालय शिक्षा में अधिकृत प्रशिक्षक हैं। उनके कार्यों ने विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा दी है और उनके नेतृत्व में शिक्षा को व्यवहारिक, समावेशी और विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने वाला बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### आज युनिटी मार्च का आयोजन

**राजनांदगांव।** देश के पहले उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर भावना एवं एकता को अभिव्यक्त करते कल 12 नवंबर को सुबह 10 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ राजनांदगांव में एक भारत, आत्मनिर्भर भारत-जिला स्तरीय पदयात्रा (यूनिटी मार्च) का आयोजन किया गया है। युनिटी मार्च में जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाडियों, विद्यार्थियों सहित नगरवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# नीरज ने सम्मान के साथ प्राप्त राशि किया दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के रजत जयंती समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अपने कर कमलों से



छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण (दानवीर भामाशाह सम्मान) से शिक्षाविद नीरज बाजपेयी को अलंकृत किया। श्री बाजपेयी ने आभार व्यक्त करते कहा कि उन्हें मिला यह अलंकरण उनके परिवार को समर्पित है।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग से मेडिकल कॉलेज तक 60 फीट चौड़ा एवं 1600 फीट लंबा रास्ता (एप्रोच रोड), जो कि लगभग 2.15 एकड़ है, पूरे बाजपेयी परिवार की सम्मति से राज्य सरकार को देने का निर्णय लिया गया था।

नीरज बाजपेयी ने इस सम्मान से प्राप्त धनराशि जो एक लाख रुपए है, को भी दान करने की घोषणा कर दी।इस राशि का कुछ भाग पेंड्री प्राथमिक शाला जहां पर उन्होंने स्वयं बचपन में पढ़ाई की है, को दान कर दी। इससे स्कूल में बालिकाओं के लिए जीर्णशीर्ण हो गए दो टॉयलेट का मरम्मत कार्य किया जाएगा। चिखली स्थित एक मंदिर में सम्मान राशि का कुछ भाग मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए एवं शेष राशि अभिलाषा के दिव्यांग बच्चों के सहायतार्थ उन्होंने दे दी। श्री बाजपेयी इसी संस्था के कोषाध्यक्ष भी हैं।

## एसआईआर को लेकर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत ने दी जानकारी

# मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण पर जिला भाजपा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




जिला भाजपा कार्यालय में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर खैरागढ़ शहर मण्डल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया, ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए और फर्जी नाम सूची में शामिल न रहें। उन्होंने कहा कि अभियान निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार चलाया जा रहा है। इसके तहत जो नागरिक इस तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने बूथों पर जाकर फॉर्म-6 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम जोड़े और फॉर्म-7 का उपयोग करके मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटवाएं। श्री सिंह ने जोर दिया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान उनकी संगठनात्मक सक्रियता और जनसेवा से होती है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि जिले की मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष हो। बैठक में जिला भाजपा महामंत्री शशांक ताम्रकार, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, पार्षद विनय देवांगन, नीलिमा गोस्वामी, संजय शर्मा, कीर्ति वर्मा, डोरेलाल साहू, ऋषभ सिंह सहित बड़ी संख्या में शहर मंडल भाजपा कार्यकर्ता बूथ संयोजक उपस्थित थे।

# युवा फिल्मकार लक्ष्य नीरज गुप्ता की वेब सीरीज़ 'मनुष्य' रीलीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के युवा फिल्मकार लक्ष्य नीरज गुप्ता की वेब सीरिज "मनुष्य" अब वेव्स ओटीटी के माध्यम से विश्व के 181 देशों में रिलीज होने जा रही है। इस सीरिज का वर्ल्ड प्रीमियर प्रतिष्ठित आईएफएफआई गोवा फिल्म फेस्टिवल में निर्धारित किया गया है। छत्तीसगढ़ की टीम, लोकेशंस और हिंदी भाषा में निर्मित यह सीरिज राज्य की परंपरा, पहचान और कला को वैश्विक मंच पर ले जाने का कार्य करेगी। इसका निर्माण त्रिपुरसुंदरी चलचित्रम प्राइवेट लिमिटेड राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)




द्वारा किया गया है। निर्देशक एवं लेखक लक्ष्य नीरज गुप्ता पिता स्व. नीरज गुप्ता है। जबकि प्रोड्यूसर शैफाली नीरज गुप्ता है। सीरिज की को-प्रोड्यूसर निशा गुप्ता और शैव्य गुप्ता हैं तथा क्रिएटिव प्रोड्यूसर की जिम्मेदारी शंख अग्रवाल ने निभाई है। फिल्मांकन से लेकर अभिनय और प्रोडक्शन के प्रत्येक स्तर पर छत्तीसगढ़ के कलाकारों और तकनीशियनों ने मुख्य भूमिका निभाई है। यह पहली हिंदी वेब सीरिज है, जो छत्तीसगढ़ की धरती पर निर्मित होकर वेव्स ओटीटी के माध्यम से दुनिया के 181 देशों तक पहुंच रही है। पहली बार छत्तीसगढ़ी फिल्मकारों के काम को इतना बड़ा वैश्विक मंच मिला है, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है और आने वाली नई पीढ़ी के फिल्मकारों व कलाप्रेमियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा।

## सार समाचार

### दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** दुर्गा उत्सव समिति दुर्गा चौक के तत्वावधान में 9 नवंबर को मोहारा स्थित पवित्र ढीमर समाज के मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ



दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह समिति सफलतपूर्वक 77वे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में भगवान को भोग लगाकर एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद का आनंद लिया। इस आयोजन में पार्षद रवि सिन्हा ने समिति के कार्यों की सराहना करते सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपस्थित नागरिकों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते सामाजिक एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मीठी देवांगन का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम की सफलता में समिति के पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में अजय श्रीवास्तव, गोपीराम धीवर, शैलेष श्रीवास्तव, रितेश देवांगन, सुभाष सोनकर, ध्रुव श्रीवास्तव, अमितेश झा, अनिल यादव, चंद्रप्रकाश यादव, दीपांशु श्रीवास्तव, अभिजीत साम्था, मनोज धीवर, सतीश निम्भोरकर, राकेश ओटी, मोनू यादव, संदीप निर्मलकर, प्रकाश यादव, राजूलाल ओटी, आशिष श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, गोपी देवांगन, भीष्म देवांगन, वसंत धीवर, प्रकाश यादव, बिट्टू चौहान आदि उपस्थित थे।

### मोहल्ले में अशांति फैलाया, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** गांव के मोहल्ले में अशांति फैलाने के मामले में पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस से शिकायत करने की बात को लेकर ग्राम लिटिया में अशांति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले अनावेदक रोशन विश्वकर्मा 22 साल निवासी लिटिया पुलिस चौकी सुकुलदैहान के विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई पर गिरफ्तार कर इस्तगासा तैयार कर कार्यपालिका दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया।

### प्रस्ताव पर समन्वयकों ने दिया समर्थन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज भाषा आयोग रायपुर में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन के राज्य स्तरीय आयोजन से संबंधित बैठक में चंदैनी-गोंदा के



संस्थापक दाऊ रामचंद्र देशमुख के नाम पर राज्य अलंकरण दिए जाने की मांग गूंजी। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर राज्यभर से जिला समन्वयकों द्वारा एक स्वर से इसका समर्थन कर हस्ताक्षरित ज्ञापन छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव अभिलाषा बेहार के समक्ष लाया गया। इस पर श्रीमती बेहार द्वारा इस मांग का समर्थन करते उक्त से संबंधित ज्ञापन संस्कृति मंत्री सहित संस्कृति संचालक व संस्कृति सचिव को सौंपे जाने की बात कही गई। छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद मिश्रा व सचिव मानसिंह मौलिक ने बताया कि श्री कोशा द्वारा साहित्य समिति के बैनर तले लाए गए उक्त विषय पर राज भाषा आयोग के कवि / साहित्यकारों ने कहा कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के लिए सुमधुर गीत-संगीत व पूजा के फूल जैसे नाटक से प्रत्येक छत्तीसगढ़वासियों को जगाने में लोक सांस्कृतिक संस्था चंदैनी-गोंदा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर अभिलाषा बेहार, रामानंद त्रिपाठी, विवेक तिवारी, किशोर तिवारी, चमेलीबाई, शकुंतला, शरद तिवारी, चंद्रशेखर शर्मा, डॉ. मोहन साहू, रामेश्वर शर्मा, सियाराम साहू, रामनाथ साहू, प्रदीप मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक द्वारा दी गई।

### युगांतर स्कूल में कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 7वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए बुलिंग अवेयरनेस विषय पर प्रभावी कार्यशाला



आयोजित हुई। जिसका संचालन एनएलपी ट्रेनर दीप्ति बिंदल द्वारा किया गया। इस दौरान उनके द्वारा विद्यार्थियों को समझाया गया कि कभी-कभी चिढ़ाने के लिए, मजाक में किए गए कमेंट्स या किसी गलती पर हंस देना भी किसी के मन पर गहरी भावनात्मक चोंट पहुंचा सकते हैं, इसलिए विद्यार्थियों को इन स्थितियों से बचने का प्रयास करना चाहिए।
ट्रेनर दीप्ति बिंदल ने कहा कि हमारे कहे गए शब्द या तो किसी को ऊपर उठा सकते हैं या उन्हें नीचे गिरा सकते हैं, इसलिए हमें बोलते समय बहुत सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। हमें बुलिंग अवेयरनेस के लिए कभी-कभी एक्शन मोड पर भी रहना पड़ता है। विद्यार्थियों को इसे रोकने पालकों और शिक्षकों का सहयोग भी लेना चाहिए। विद्यार्थियों ने इस सत्र को बहुत ध्यानपूर्वक सुना और यह संकल्प लिया कि वे अब दूसरों को नीचा दिखाने या मजाक बनाने के बजाय एक-दूसरे का सम्मान करेंगे और एक सहयोगात्मक वातावरण बनाने का प्रयास करेंगे।
इसी तरह इन विद्यार्थियों के लिए व्यक्तित्व विकास विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसे विद्यालय की काउंसलर नीलिमा कोठारी ने संचालित किया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और सामाजिक व्यवहार को सुदृढ़ करना था। विविध खेलों की इंटर स्कूल प्रतिस्पर्धाओं के जरिये खेल प्रतिभाएं भी सामने आई है। मॉक पार्लियामेंट जैसे आयोजन के जरिये विद्यार्थियों की नेतृत्व की क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रतिनिधि मंडल ने विस अध्यक्ष रमन से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** प्रदेश की शांति व्यवस्था को तार-तार करने के कुत्सित अभियान के सूत्रधार अमित बघेल द्वारा गत दिनों भगवान अग्रसेन महाराज



और संत श्री झूलेलाल को अपशब्दों का उपयोग करते दोनों समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के कारण समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। जिसके चलते दोनों समाज के सैकड़ों लोगों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा था, परंतु ज्ञापन के बाद सरकार की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी। इसी विषय का संज्ञान लेकर अमित बघेल के ऊपर विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग लेकर सोमवार को अग्रेसन समाज एवं सिंधी समाज का प्रतिनिधि मंडल स्पीकर हाऊस में डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की और अपने इष्टदेवता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले अमित बघेल पर तत्काल कार्रवाई करने की पुरजोर मांग की।

पटेल की जयंती पर आज युनिटी मार्च का आयोजन

# फील्ड में जाकर करें निरीक्षण, कार्यों में गति लाएं अधिकारी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि देश के पहले उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता को अभिव्यक्त करते कल 12 नवंबर को सुबह 10 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ में एक भारत, आत्मनिर्भर भारत-जिला स्तरीय युनिटी मार्च का आयोजन किया गया है। युनिटी मार्च में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी, विद्यार्थी एवं नगरवासी उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण भी किया जाना है। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आगे भी शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उत्कृष्ट कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य एवं धान खरीदी का कार्य भी जारी रहेगा। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के लिए निर्धारित समय में सभी मतदाताओं तक बीएलओ पहुंचे। सभी एसडीएम एवं तहसीलदार धान खरीदी का कार्य जिम्मेदारी से पूर्ण करें। धान खरीदी का कार्य 15 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है। जिले में 5 अति संवेदनशील तथा 46 संवेदनशील धान उपार्जन केन्द्र है। इन धान उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण जारी रखें। सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सभी अधिकारी कार्य करें। इस दौरान अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव गौतम चंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




#### जागरूक करने की आवश्यकता

उन्होंने जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदी करने के लिए प्रशिक्षण, उच्च न्यायालय के प्रकरण, भू-अर्जन प्रकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, फूड सेफ्टी, निक्षय मित्र, कौशल विकास, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, पोषण पुर्नवास केन्द्र अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत विद्युत विभाग से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए अधिक से अधिक जनसामान्य को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के संबंध में जानकारी प्रदान की।

#### कहा शिविर लगाए

उन्होंने कहा कि राजस्व एवं जिला स्तरीय अधिकारी फिल्ड में निरीक्षण करें, इससे कार्यों को गति मिलेगी। फसल कटाई, गिरदावरी, फसल क्षति मुआवजा एवं राजस्व के प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने अभियान चलाकर शिविर लगाने कहा। उन्होंने कहा कि भू-बंटन की स्थिति में प्रगति दिखाई देना चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े सभी विभागों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए।

#### महिलाओं से ली स्वास्थ्य की जानकारी

कलेक्टर यादव ने हाई रिस्कवाली गर्भवती महिलाओं से बात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि मातृ मृत्यु दर में कमी लाने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं दवाईयां आवश्यक रूप से दिया जाना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के साथ ही गैस कनेक्शन प्रदाय करने हेतु विशेष तौर पर कार्य करें। उन्होंने आदिकर्म योगी योजना अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में आय, जाति, निवास तथा शासन के अन्य योजनाओं से अधिक से अधिक जनमानस को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को शुभकामनाएं दी।

### मोहल्ले में हो-हुल्लड, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बसंतपुर पुलिस ने मोहल्ले में हो-हुल्लड कर रहे अनावेदकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 नवंबर को मुखबीर की सूचना के आधार पर मोहल्ले में हो-हुल्लड़ करने वाले अनावेदक राहुल निषाद 27 साल निवासी जमातपारा के विरूद्ध इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) भा ना सु सं के तहत कार्रवाई कर अनावेदक को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

#### फरार वारंटी पकड़ाए

इसी प्रकार लंबे समय से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी राहुल देवांगन 22 साल निवासी मोहारा बायपास एवं नैनदास 43 साल निवासी बैगापारा लखोली को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त अनावेदकों का जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, कुश बघेल, राजेश्वर बंदेश्वर एवं रूपेन्द्र वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## बलिदानों को नमन करते मनाया हुतात्मा दिवस

**राजनांदगांव।** महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यालय में हुतात्मा दिवस पूर्ण श्रद्धा और कारसेवकों के बलिदानों को नमन करते विहिप बजरंग दल के बजरंगियों के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में क्षेत्रीय संयोजक विश्ववर्धन भट्ट एवं प्रांत सयोजक शुभम नाग एवं प्रांत सहमंत्री नंदूराम साहू तथा वरिष्ठ पदाधिकारियों का स्वागत एवं परिचय सत्र पूर्ण किया गया।

भट्ट ने कहा कि "हुतात्मा दिवस हमें उन अमर कारसेवकों के बलिदान की




याद दिलाता है, जिन्होंने श्री रामजन्भूमि की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। प्रांत सयोजक शुभम नाग ने संगठन के निर्माण और उसके आयामों की वृहत स्वरूप और कार्यों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। इस संगठन में हर एक बजरंगी की भूमिका एवं उसके महत्व से सभी को अवगत कराया। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर शहीद कारसेवकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## युवा शिविर में सैकड़ों युवा शामिल

**राजनांदगांव।** संत श्री आशारामजी बापू प्रेरित युवा सेवा संघ के तत्वावधान में रायपुर के वीआईपी रोड स्थित संत श्री आशारामजी बापू आश्रम में दो दिवसीय 8 व 9 नवंबर को राज्य स्तरीय तेजस्वी युवा शिविर का आयोजन किया गया।

युवा सेवा संघ राजनांदगांव के प्रमुख संजय साहू ने बताया कि राजनांदगांव युवा सेवा संघ से एक सौ से अधिक युवा इस शिविर में शामिल होकर जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने की कुंजी सीख रहे हैं। रायपुर आश्रम के संचालक रामा भाई ने बताया कि आश्रम परिसर में युवाओं को तेजस्वी, संयमी, चरित्रवान बनने के साथ-साथ हर क्षेत्र में प्राप्त करने के उद्देश्य से दो दिवसीय तेजस्वी युवा शिविर का आयोजन किया गया है।



जिसमें मुख्य रूप अहमदाबाद आश्रम से युवा सेवा संघ प्रमुख संजय अरोरा का मार्गदर्शन युवाओं को मिला। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। ततपश्चात युवा सेवा संघ का परिचय, उद्देश्य, अनुभव सत्र, जीवन में नियम-निष्ठा का महत्व, युवाधन सुरक्षा सत्र, संगठन को कैसे मजबूत करें।

श्री योग वेदांत सेवा समिति के मोहन भाटिया, अशोक डोड़वानी एवं अनिता शर्मा ने बताया कि युवा देश की रीढ़ की हड्डी के समान है। जितना मजबूत व संयमी एवं चरित्रवान होंगे, उतना ही देश उन्नत व विकास की ओर अग्रसर होगा। शिविर में संजय, चंदू, जनक, पवन, भूपेश, राजाराम, माधव, अनूप, अभिषेक, भारतद्वाज, भोला, राकेश, एनआर साहू, भीषम आदि का विशेष सहयोग रहा।

### पशुक्रूरता के मामले का फरार आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** पशुक्रूरता के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी में धारा 4, 6, 10, छग कृषक पशु,परि.अधि. एवं पशु के प्रति क्रूरता के निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के फरार आरोपी बाबा उर्फ इंद्रकुमार राजपूत 55 वर्ष निवासी पेंड्री हाल निवासी जंगलपुर डेयरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

प्रकरण में 4 आरोपियों की गिरफ्तारी पूर्व में की जा चुकी है। पशु तस्करी के अपराध में सलिप्त अन्य व्यक्तियों का भी पुलिस टीम द्वारा पता तलाश किया जा रहा है।

## प्रतिबंधित क्षेत्र में पार्टी, ठेकेदारों पर नहीं हुई कार्रवाई, कांग्रेस ने घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते दिनों शहर के मोहारा जल संयंत्र में प्रतिबंधित क्षेत्र होने के बाद भी इस जगह ठेकेदारों द्वारा पार्टी की जा रही थी। जिसको लेकर युवा कांग्रेस द्वारा इस पर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं होने पर इस मामले में कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी की अगुवाई में कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव किया गया और ज्ञापन के माध्यम विरोध प्रकट करते इस प्रतिबंधित क्षेत्र में पार्टी करने, बच्चों का बर्थ-डे मनाने, दिवाली मिलन का कार्यक्रम कराने की अनुमति मांगी गई।

कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में जब ठेकदारों की पार्टी आयोजित हो सकती है तो अन्य लोगों को दीपावली मिलन, जन्मदिन, तेरहवीं जैसे कार्यक्रमों की अनुमति भी दी जाए, नहीं तो जिस अधिकारी ने



#### कांग्रेसी कार्यकर्ता हुए शामिल

इस दौरान पूर्व पार्षद गणेश पावर, शरद पटेल, सूरज शर्मा, केशव पटेल, रीना पटेल, ललिता साहू, पायल प्यारे, गंभीर साहू, हर्ष साहू, दीनू साहू, युगल साहू, हर्ष खोबरागड़े, चंद्रशेखर मालेकर, ठाकुरराम साहू, सौरभ तिवारी, परमानंद वर्मा, मोहित कोचरे, युवराज साहू, दीपक सोनकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

इस आयोजन की अनुमति दी है, ऐसे अधिकारी पर कार्रवाई की जाए या ठेकेदार पार्टी के आयोजकों पर एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने कहा है कि ऐसी जगह जहां पानी फिल्टर होता है, जो संवेदनशील एरिया है, जहां से पूरे शहर को पानी सप्लाई होती है, जहां बाहर लिखा हुआ है कि प्रतिबंधित क्षेत्र है, इसके बावजूद वहां बड़ी संख्या में ठेकेदारों की पार्टी आयोजित होना आश्चर्यजनक है कि ऐसे क्षेत्र में अनुमति किसने दी।

## दिग्विजय कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के बीएससी तृतीय वर्ष बायो के विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में 10 नवंबर को शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया।

प्रो. युनुस रजा बेग व डॉ. डीके वर्मा ने सेंट्रल लेब में रखे उपयोगी उपकरणों डबल बीम स्पेक्ट्रोमीटर, एटामिक एबजापसन स्पेक्ट्रोस्कोपी, आरटीपीसीआर, जेल डॉक, ब्लीसोरीडर, बायो केमिकल एनालाईजर, कोलोरीमीटर, वॉटर एनालाइजर कीट, मैग्नेटिक स्ट्रारर, डीप फ्रीजर, हार्ट ऐयर ओवन, सेंट्रिफ्यूज, डिजिट विविंग बैलेंस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्राणी विज्ञान विभाग में विभिन्न प्रकार के अकशेरूकी व कशेरूकी जंतुओं, उपयोगी उपकरणों उपयोगी उपकरणों, म्युजियम व कैरियर गाइडेन्स के बारे में डॉ. केएल दामले, डॉ. संजय ठिस्के, डॉ. माजिद अली, प्रो. भाटिया, चिरंजीव पांडे, करूणा रॉवटे ने विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. अनिता महेश्वर, डॉ. देव, डॉ. सोनल मिश्रा, श्री आडिल, श्री नितीन ने विभाग में रखे उपकरणों की जानकारी, कार्यविधि व उपयोगिता बताया।

मुख्य उपकरणों में इलेक्ट्रोस्पाइनिंग, डबलबीम स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, वर्टिकल लेमीनार, ऐयर फ्लो, साक्सलेट, सेंन्ट्रीफ्यूज, एनालेटिकल बैलेंस, बोम्ब कैलोरीमीटर, पीएच, मीटर, इनकुबेटर, हाट ऐयर ओवन, प्रोब सोमीकेटर, एलईडी डिजिटल माइक्रोस्कोप रहा है। डॉ. एसआर कन्नोजे व सरिता देवांगन के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण किया।

## पुलिस ने सायबर, यातायात के प्रति किया जागरुक

**खैरागढ़।** पुलिस ने यातायात एवं सायबर जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाकर स्कूली बच्चों को कार्यक्रम आयोजित कर आवश्यक जानकारी दी।

जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं एवं सायबर फ्रॉड से बचने विशेष अभियान चला रही है। जिसके तहत पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल खैरागढ़ में स्कूल के शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 150 नाबालिक स्कूली छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जानमाल के नुकसान से अवगत कराते नाबालिकों को वाहन न चलाने, 18 वर्ष पूर्ण करने पर ही वैध दस्तावेज के यातायात नियमों का पालन, वाहन चलाने एवं सायबर जागरूकता के तहत एपीके एप ऑनलाइन ठगी, एटीएम क्लोनिंग सायबर ठगी होने पर तत्काल टोल फ्री नंबर 1930 में शिकायत दर्ज कराने कहा गया।

#### एचएसआरपी नंबर प्लेट आवश्यक

सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु पुलिस लगातार जागरूक करने प्रयासरत है। यातायात के निर्धारित मापदंड अनुरूप ही चलने के साथ दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्ड़न आवर में घायलों की मदद, समस्त वाहनों मे 1 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट के बारे में परिचितों को बताने जागरूक किया गया।





ठंड: जिले के वनांचल ईलाकों में ठंड से बचने दहकने लगे अलाव

# ठंड ने बढ़ाई ठिठुरन, वनांचल से लेकर शहरों तक कड़ाके की ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बदलते मौसम के मिजाज के चलते इन दिनो ठंड ने अंचल में अपना जोर दिखाना शुरू कर दिया है। ठंड का असर पर जिले के वनांचल ईलाकों के साथ जिला मुख्यालय कवर्धा सहित नगरीय क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है। नवम्बर माह के शुरूआती दिनो में ठंड के इस तेवर को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि दिसम्बर और जनवरी माह ठंड के लिहाज से लोगों पर भारी पड़ सकता है।

वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी, रेंगाखार, तरेगांव जंगल, दलदली क्षेत्र से निकलकर आई खबर के अनुसार अब इन क्षेत्रों में दांत कड़कड़ाने वाली ठंड का एहसास होने लगा है। शाम ढलने के बाद लोग अपने-अपने घरों में रजाई गद्दा, कंबल ओड़कर दुबकने लगे हैं या फिर युवा और धुमक्कड़ लोग गर्म कपड़ों का लबादा ओढ़कर ही बाहर निकल पा रहे हैं। वहीं साधन विहीन वनांचल के बासिंदे अलाव के सहारे ठंड से निजाद पाने जुट गए हैं। यही स्थिति सुबह के समय भी वनांचलों में देखने को मिल रही है। लगातार बढ़ रही ठंड के कारण वनांचल के लोग सूर्योदय के पूर्व बिस्तर नहीं छोड़ रहे हैं। चिल्फीघाटी, रेंगाखार, तरेगांव जंगल तथा दलदली के लोगों ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से जबरदस्त ठंड पड़ रही है। स्थिति ये है कि लोगों को शाम ढ़लने के बाद अपने घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है।

### सूर्योदय के पूर्व बिस्तर छोड़ना हो रहा है मुश्किल



आलम ये है कि सुबह 11 बजे के आसपास सूरज चढ़ने के बाद ही लोगों को ठंड से कुछ हद तक राहत मिल पा रही है। वनांचल क्षेत्रों के अलावा जिला मुख्यालय तथा आसपास के क्षेत्रों में भी ठंड लगातार बढ़ रही है। यहां भी लोग सुबह और शाम गर्म कपड़ों का उपयोग करने मजबूर होने लगे हैं। ठंड बढ़ने के बाद युवक-युवतियों को भी रंग बिरंगी जीन्स, लेदर जैकिट पहनने का मौका मिल गया है। ठंड ने अच्छी ग्राहकी की उम्मीद लगाए बैठे गर्म कपड़ों के दुकानदारों की ग्राहकी भी बढ़ा दी है। लेकिन बढ़ती ठंड के साथ उन लोगों की मुसीबतें बढ़ गई है जो बेघरबार बस स्टैण्ड, तथा यहां वहां घूम फिरकर अपना जीवनयापन करने मजबूर है। बहरहाल ठंड के एहसास ने लोगों को गुदगुदाना शुरू कर दिया।



# भगवान श्री जानकीरमण प्रभु को ठंड से बचाने भक्त ने उढ़ाया साल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बढ़ती ठंड के इस मौसम में श्रद्धा और भक्ति का अनोखा उदाहरण कवर्धा के कचहरी पारा स्थित श्री जानकीरमण प्रभु देवालय में देखने को मिला।

यहां भक्तों ने भगवान श्री जानकीरमण प्रभु जी को ठंड से बचाने के लिए गरम वस्त्र (साल) उढ़ाया। सर्द हवाओं के बीच यह दृश्य भक्ति और प्रेम से ओतप्रोत था। भक्तों ने बताया कि प्रभु को सर्दी से बचाने का यह कार्य मात्र एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सेवा और स्नेह की अभिव्यक्ति है। जिस प्रकार हम अपने परिवार के सदस्यों का ख्याल रखते हैं, उसी प्रकार प्रभु की सेवा में भी ऋतु के अनुसार परिवर्तन किए जाते हैं। यही भाव वास्तविक भक्ति का प्रतीक है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना, भजन और आरती का आयोजन किया।

पूरा वातावरण जय श्रीराम और जानकीरमण प्रभु की जय के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान से सबके सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। हर वर्ष सर्दी के आगमन पर भक्त इसी प्रकार भगवान को गरम वस्त्र उढ़ाकर अपनी अटूट श्रद्धा प्रकट करते हैं। यह परंपरा न केवल भक्ति की मिसाल है, बल्कि समाज में प्रेम, सेवा और धार्मिक भावना को भी सशक्त बनाती है।

## खबर संक्षेप




### छिरहा में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिवस को चिह्नित करता है। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मौलाना आजाद के देश की शिक्षा प्रणाली में दिए गए अमूल्य योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। उन्होंने बताया कि मौलाना आजाद ने शिक्षा के सार्वभौमिकरण, महिला शिक्षा को बढ़ावा देने और उच्च शिक्षा तथा तकनीकी संस्थानों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों का अनुसरण करने और शिक्षा के महत्व को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने का आह्वान किया।

### बाल वैज्ञानिक स्पर्धा में शामिल होंगे प्रतिभागी

**कवर्धा।** राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन जशपुर में 12 से 15 नवंबर तक होगा। प्रतियोगिता में कवर्धा समेत प्रदेश के कुल 9 न जोन के प्रतिभागी बच्चे व बीएड, डीएड के प्रशिक्षु शिक्षक शामिल होंगे। कुल 427 प्रतिभागी इस राज्य स्तरीय आयोजन में भाग लेंगे। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के साथ-साथ पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका, प्रश्न मंच, विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

# सिस्टम की बेरुखी पर भारी एक पति का प्यार

## केंसर पीड़ित पत्नी के इलाज के लिए भटक रहा ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कहते हैं प्यार हर दर्द पर भारी होता है, लेकिन जब सिस्टम ही लाचार हो जाए, तो इंसान की मजबूरी उसका सबसे बड़ा दुख बन जाती है। कवर्धा जिले के रेंगाखार वनांचल क्षेत्र के नगवाही (काटाबहरा) गाँव का यह दृश्य किसी फिल्म का नहीं, बल्कि हकीकत का दर्द है। यहां रहने वाला समलू मरकाम पिछले तीन सालों से अपनी पत्नी कपूरा मरकाम के कैंसर से जंग लड़ रहा है वो भी अकेले, बिना किसी सरकारी मदद के। तीन साल पहले समलू की पत्नी को थायराइड कैंसर का पता चला। इलाज की शुरुआत में गांव के स्वास्थ्यकर्मी ने उसे जिला अस्पताल भेजा, पर वहां सुविधाएं सीमित थीं। इसके बाद समलू अपनी बीमार पत्नी को रायपुर, दुर्ग और भिलाई के बड़े अस्पतालों में लेकर गया। हर जगह उसने इलाज की उम्मीद में दस्तक दी, पर गरीबी और व्यवस्था की जटिलताओं ने उसके कदम रोक दिए।

### मोटरसाइकिल बनी एम्बुलेंस

गरीबी ने जब रास्ते बंद किए, तब समलू ने अपनी पुरानी मोटरसाइकिल को ही एम्बुलेंस बना लिया। मोटरसाइकिल पर बांधा गया एक पाटा (लकड़ी का तख्ता) अब उसकी पत्नी का स्ट्रेचर बन गया। इसी पर बैठाकर वह अपनी पत्नी को अस्पतालों तक ले जाता है। गाँव के लोग इस नजारे को देखकर द्रवित हो जाते हैं एक पति, जो अपनी पत्नी के लिए हर दर्द झेलने को तैयार है।

### मुंबई तक पहुंचा, हालात से हारा

समलू ने हार नहीं मानी। इलाज की बेहतर उम्मीद में वह पत्नी को लेकर मुंबई भी गया, लेकिन आर्थिक तंगी ने वहां भी कदम रोक दिए। दवाई, जांच और ठहरने का खर्च उठाना उसके बस से बाहर था। मजबूर होकर वह फिर गांव लौट आया, पर हिम्मत नहीं टूटी। समलू कहता है, मैंने अपने हाथों से उसे मरते नहीं देखा, इसलिए लड़ रहा हूं.. जब तक जान है, कोशिश करता रहूंगा।

### पीड़ित परिवार को सरकारी मदद का इंतजार

पिछले तीन सालों में समलू ने मंत्री, विधायक और अधिकारियों के दफ्तरों के कई चक्कर लगाए, पर अब तक कोई ठोस मदद नहीं मिली। इलाज के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिले हैं। सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सहायता के तमाम दावों के बीच समलू जैसे गरीब लोगों की आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है।

### सिस्टम की चुप्पी और इंसानियत की पुकार

यह कहानी सिर्फ समलू की नहीं है। यह उन सैकड़ों परिवारों की कहानी है जो बीमारी से नहीं, बल्कि सिस्टम की बेरुखी से हार रहे हैं। गाँव में गरीबी, शहर में खर्च, और बीच में टूटा हुआ तंत्रइन सबके बीच इंसानियत की असली तस्वीर समलू जैसे लोगों के रूप में दिखाई देती है। वनांचल निवासी समलू मरकाम आज भी उम्मीद से भरा है। उसकी आंखों में भरोसा है कि शायद किसी दिन सरकार या समाज उसकी पुकार सुनेगा। उसकी यह जद्दोजहद याद दिलाती है कि जब सिस्टम रुक जाए, तो इंसानियत को आगे बढ़ाना चाहिए।

# अंचल में कराए जा रहे कई निर्माण कार्य औचित्यहीन

## जनसुविधाओं से कोई सरोकार नहीं, कमीशनखोरी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में कराए गए कई लाखों के तथा कथित विकास एवं निर्माण ऐसे है जिनका न तो कोई औचित्य है और न ही उपयोग है। ग्रामीणों की माने तो इन निर्माण कार्यो का न तो स्थल चयन ठीक से किया है और न ही इनकी जरूरत ही समझ में आती है बावजूद इसके इन निर्माण कार्यो को मूर्त रूप दिया गया। जिसे देखकर साफ जाहिर होता है कि ऐसे कार्यो की मंशा जनसुविधा नहीं बल्कि सरकारी खजाने में विकास एवं निर्माण कार्यो के नाम पर सेंधमारी करना मात्र है। जिले के




विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम ग्राम पंचायत दामापुर बाजार में हाल ही में निर्मित कराए गए यात्री प्रतिक्षालय को लेकर भी कुछ ऐसे ही सवाल खड़े किए जा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दामापुर बाजार में निर्मित यात्री प्रतिक्षालय का कोई औचित्य समझ में नहीं आ रहा है। न तो इसका कोई उपयोग करता है और न ही इसका रखरखाव ही किया जा रहा है। स्थिति ये है कि यात्री प्रतिक्षालय के सामने कूड़ा करकट का ढेर लग चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यही यात्री प्रतिक्षालय उचित स्थान पर निर्मित कराया गया होता तो जरूरत मंद यात्रियों इसका लाभ मिलता।

# निर्वाचन की तैयारी के लिए जिले में सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी निर्वाचन कार्यों की तैयारी के अंतर्गत कबीरधाम जिले में निर्वाचन संबंधी दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

इस संबंध में जकला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने सभी तहसीलों के लिए निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इन अधिकारियों को निर्वाचन नामावली के पुनरीक्षण कार्य, निर्वाचक सूचियों के संधारण एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों के संचालन के लिए अधिकृत किया गया है। जारी आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पण्डरिया के लिए संदीप ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पण्डरिया को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इनके सहयोग के लिए प्रभारी तहसीलदार, पण्डरिया संजय कुमार गोस्वामी, नायब तहसीलदार पिपरिया सुश्री प्रभा कश्यप, तहसीलदार सहसपुर लोहारा नागेश तांजय, कुण्डा रविन्द्र कुर्रे, कुकदूर नायब तहसीलदार श्रीमती पूजा सिंगसार्वा को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा के लिए श्री चेतन साहू, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कवर्धा को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके सहयोग के लिए तहसीलदार, कवर्धा परमेश्वर मण्डावी, बोड़ला सुश्री राजश्री पाण्डेय, सहसपुर लोहारा विवेक गोहिया, रेंगाखार कला अखिलेश धुरव, पिपरिया प्रमोद चंद्रवंशी को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## कृषि महाविद्यालय में अंतरकक्षा खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ



**कवर्धा।** संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कवर्धा में 10 नवंबर से अंतरकक्षा खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मेजर डॉ. जीके श्रीवास्तव, प्रोफेसर (एग्रोनॉमी) उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. देवशंकर तथा डॉ. सुनील कुमार नाग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने की। यह आयोजन रविशंकर नाग के मार्गदर्शन में आरंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और मानसिक संतुलन का भी प्रतीक हैं। उन्होंने छात्रों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। डॉ. श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर सहित विभिन्न कृषि महाविद्यालयों में एनसीसी की शुरुआत और उसके लाभों की जानकारी भी दी। समारोह की शुरुआत सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा बैंड की धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट से हुई। खेलकूद प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ वॉलीबॉल खेल से किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. चंद्रेश चंद्राकर द्वारा किया गया।

जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य महाराज का कवर्धा में मंगलमय पदार्पण

# गौ संरक्षणार्थ सुरभि रुद्र महायज्ञ एवं रामकथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



श्रीकामदगिरी चित्रकूट पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य महाराज का मंगलमय पदार्पण श्रीगणेशपुरम, बिलासपुर रोड, कवर्धा में हुआ। महाराज श्री का पुष्प वर्षा और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात वे घुघरी खुर्द गांव पहुंचे, जहां गौ माता संरक्षणार्थ सुरभि रुद्र महायज्ञ एवं श्रीरामकथा का शुभारंभ किया गया। यह पावन कथा 11 से 14 नवम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक संपन्न होगी। आज प्रथम दिवस की कथा में जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान का प्रत्येक अवतार गौ, ब्राह्मण, सत्यवादी और सती के रक्षण के लिए होता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम और भगवान कृष्ण परम गौ भक्त थे, अयोध्या और व्रज में सवा करोड़ गायों का संरक्षण होता था। रावण ने जब ब्राह्मणों और साधुओं को कष्ट दिया, तभी हनुमान जी ने लंका दहन किया। उन्होने कहा कि रामायण ही मर्यादा और आदर्श का मूल ग्रंथ है, जो मानव जीवन को सदाचार की दिशा प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि यज्ञ से देवता प्रसन्न होते हैं और देव प्रसन्नता से प्रकृति का अनुग्रह प्राप्त होता है जिससे अन्न, वर्षा, पवन और प्रकाश की प्राप्ति होती है। उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए समाज को एकजुट होने का संदेश देते हुए कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी धर्म का पालन करना और धर्म रक्षा हेतु कष्ट सहना ही सच्ची साधुता है। महाराज ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के गौ संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों को भगीरथ प्रयास बताते हुए उनके सफल होने की कामना की। इस अवसर पर धर्मयोजक गणेश तिवारी, श्रीमती नेहा तिवारी एवं आशीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यज्ञाचार्य मेघनंद शास्त्री ने वैदिक विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया। महाराज ने उपस्थित जन समुदाय से आह्वान किया कि सरकार से मांग करें कि गौचर भूमि माफियों से मुक्त की जाए और प्रत्येक ग्रामवासी सामूहिक गो पालन का संकल्प ले। यदि एक घर में गौ सेवा संभव नहीं है तो ग्राम स्तर पर सामूहिक गौशाला बनाकर सेवा करें यही सच्ची गोपाल सेवा है। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। धर्मनिष्ठ जनों ने इस आयोजन को सनातन धर्म के पुनर्जागरण का प्रतीक बताया। जिले के घुघरी खुर्द से प्रारंभ हुआ यह गौ संरक्षण अभियान शीघ्र ही पूरे छत्तीसगढ़ में व्यापक स्वरूप धारण करेगा।

# भाजपा बोड़ला मंडल में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी बोड़ला मंडल में मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला पंचायत सभापति एवं मंडल प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता विदेशी राम धुर्वे मंडल ने की। कार्यशाला में उपस्थित मंडल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. साहू ने बताया कि गहन विशेष पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आत्मा है। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो और कोई भी योग्य मतदाता अपने अधिकार से



वंचित न रह जाए। जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने आगे कहा कि भाजपा हमेशा से जनसहभागिता, पारदर्शिता और राष्ट्रहित के सिद्धांतों पर काम करती रही है। यह पुनरीक्षण अभियान भी उसी विचारधारा का प्रतीक है। मैं सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूँ कि हर बूथ की मतदाता सूची का गहन अध्ययन करें, जिन लोगों के नाम छूट गए हैं, उन्हें जोड़ने में मदद करें और जनता को बताएं कि भाजपा ही वह पार्टी है जो हर नागरिक के अधिकार की रक्षा करती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झम्मन चंद्रवंशी, लालचंद साहू, कांशीराम साहू, अजय यादव, मनोज नायक, हुतेंद्र चंद्रवंशी, सुनील मानिकपुरी, सनत साहू, चंद्रिका निर्मलकर, बिहारी साकेत, नंदलाल पटेल, छोटू बांधे सहित मंडल के सभी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।